जनपद हमीरपुर

प्रेसनोट

दिनांक 31.05.2026

गरिमामय सेवानिवृत्ति एवं विदाई समारोह रिजर्व पुलिस लाइन्स, जनपद हमीरपुर

आज दिनांक 31.05.2026 को पुलिस लाइन्स, जनपद हमीरपुर में गरिमामय सेवानिवृत्ति/विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले कार्मिक को सम्मानित किया गया।

क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे उ0नि0 एल0आई0यू0 कुवंर बहादुर सिंह के उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा एवं सेवाभाव की सराहना करते हुए उनके योगदान को विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सेवाकाल में पूर्ण समर्पण, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन किया, जो सभी के लिए प्रेरणादायक है।

समारोह में क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में सेवानिवृत्त कार्मिकों को स्वस्थ एवं सुखद जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए भावभीनी विदाई दी गई।